तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 15 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



2 कोल इंडिया में कई कमेटियां, फिर भी लंबित हैं कर्मियों से जुड़े कई मुद्दे




**खबर संक्षेप**

### प्लेसमेंट कैंप में नौकरी के लिए 110 पद, 43 का ही चयन

**जांजगीर-चांपा।** प्लेसमेंट कैंप में सुपरवाईजर एवं सुरक्षाकर्मी के 110 पदो पर नौकरी देने के लिए कैंप आयोजित किया गया था। इधर जो वैकेंसी निकाली गई थी। उसके तहत नौकरी पाने महज 62 बेरोजगार युवक ही पहुंच सके। इनमें भी महज 43 युवाओं का ही चयन हो सका है। जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नौकरी दिलाने से लेकर उनको प्रेरित करने को लेकर विभाग कितना गंभीर है। गौरतलब है कि बेरोजगार युवाओ को नौकरी देने के उदेश्य से हर महीने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओ को नौकरी दिया जा सके। इसी कडी में बुधवार 14 मई को जिला मुख्यालय जांजगीर के लाईवलीहुड कालेज में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रायपुर सुरक्षा विभाग की कंपनी के द्वारा सुपरवाईजर के 50 पद, सुरक्षा गार्ड के 60 पद कुल 110 पदो के लिए बेरोजगार युवाओ को नौकरी देने के लिए बुलाया गया था। महज 62 बेरोजगार युवा ही नौकरी पाने के लिए पहुंचे। इनमें भी 43 युवाओ का ही चयन हो सका है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जितने पद कंपनी के द्वारा स्वीकृत किया गया था। उसके तहत 48 युवा नौकरी को लेकर आवेदन हीं नही डाले। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है बेरोजगार युवा नौकरी पाने को लेकर कितना गंभीर है। वहीं दुसरी ओर जिम्मेदार विभाग के अफसर युवाओ को नौकरी से जोडने प्रेरित नहीं कर पा रहे है। रोजगार कार्यालय में हर महीने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है, इसके बावजूद बेरोजगार युवा नौकरी पाने को लेकर ध्यान तक नहीं दे रहे है।

लाने ले जाने अंदरूनी मार्गो का लेते है सहारा

# मालवाहक वाहनों में ढो रहे यात्री हादसों से नहीं ले रहे कोई सबक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मालवाहक वाहनों में यात्री को ढ़ोया जा रहा है, जिसके चलते हर पल हादसों की संभावना बनी रहती है। साथ ही साथ मालवाहक वाहनों के चालक लोगों को लाने ले जाने अंदरूनी मार्ग का सहारा लेते है। जिम्मेदार विभाग के अफसर इस पर कार्यवाही तक नही कर पा रहे है।

गौरतलब है कि इन दिनों शादी का सीजन चल रहा है। वहीं लोग बारात लेकर आने व जाने के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग बड़े पैमाने पर कर रहे है, जिसके कारण हादसों की संभावना भी हर पल बनी रहती है। पिकप, माजदा, छोटा हाथी आदि वाहनों का उपयोग सामान लाने ले जाने के लिए करना रहता है, लेकिन नियमो को ताकपर रखकर लोग इन वाहनों का उपयोग बड़े पैमाने पर कर रहे है। जांजगीर चाम्पा जिले के कई क्षेत्रो में इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। नियमों के तहत मालवाहक वाहनों के सामने वाली सीट पर वाहन चालक सहित दो से तीन लोगों के बैठने की व्यवस्था रहती है। वहीं पीछे वाले हिस्से में सामान लाया ले जाता है, लेकिन लोग सुरक्षा नियमों को ताकपर रखकर इन वाहनों में दो से तीन लोगों की जगह पर वाहन के पीछे भाग में 20 से 70 यात्री लाना लेना जाना कर रहे है। वही पुलिस एवं यातायात विभाग से बचने के लिए मालवाहक वाहनों को मुख्य मार्ग के बजाय सकरी गली या फिर दुर्गम मार्ग के सहारे वाहन चालक ले जाते है, जिसके चलते भी हर पल हादसों की संभावना बनी रहती है। जांजगीर चाम्पा जिले के बम्हनीडीह, नवागढ, पामगढ, बलौदा एवं अकलतरा आदि क्षेत्रो में माल वाहनों का उपयोग बड़े पैमाने पर यात्रियों को लाने ले जाने मे किया जा रहा है, जिसके चलते हादसों की संभावना बनी हुई है। बम्हनीडीह से सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लाक को जोड़ने वाली जगह पोडीशंकर से ग्राम बेलकर्री सहित अन्य जगहों पर यात्री बसों की सुविधा नहीं है, जिसके चलते मालवाहक वाहनों का उपयोग लोग बड़े पैमाने पर करते है। इसी प्रकार बम्हनीडीह से नवागढ़ को जोड़ने वाले मार्ग ग्राम गोविंदा से लेकर पेन्ड्री किरीत सहीत अन्य मार्गो के सहारे ब्लाक मुख्यालय नवागढ पिकप सहित अन्य वाहनों के माध्यम से लोग आवाजाही करते है। इसी प्रकार जिला मुख्यालय जांजगीर से पंतोरा मुख्य मार्ग में भी गिनती के बसो का संचालन किया जाता है, जिसके चलते लोग पंतोरा, गतवा, पहरिया, बोकरेल, खैजा, पुरैना सहीत अन्य मार्ग में जाने के लिए लोग पिकप एवं अन्य मालवाहक वाहनो का उपयोग करते है। कुछ इसी तरह की स्थिति जांजगीर अकलतरा मुख्य मार्ग मे भी देखने को मिलती है, जहां लोग आने जाने के लिए मालवाहक वाहन माजदा, पिकप आदि का उपयोग करते है। इससे कई बार लोग हादसे का शिकार हो गए है।



माल वाहक वाहन में बैठकर सवारी करते लोग।

### कई रुटों पर गिनती के बसों का हो रहा संचालन

कई रुटों पर ट्रेन के संचालन नहीं होने के बावजूद बसों की कम संख्या के चलते भी लोग माल वाहक वाहनों का सहारा लेते है। जिला मुख्यालय जांजगीर से अकलतरा मुख्य मार्ग से बिलासपुर रूट पर फोरलेन सड़क तो बना दिया गया है, लेकिन अकलतरा मुख्य मार्ग पर बसों की सुविधा नहीं है या फिर गिनती के बसों का संचालन हो रहा है, जिसके चलते लोग अपने सुविधा के हिसाब से माजदा एवं पिकप सहित अन्य गाडियो का उपयोग आने जाने में कर रहे है। खास बात यह है कि इनमें से कई मालवाहक वाहन चालकों के पास गाड़ी चलाने का लाइसेंस तक नही रहता, फिर भी नियमों को दरकिनार करके लोग इस तरह के वाहनों का उपयोग करते है।

### की जाएगी कार्यवाही

मालवाहक वाहनों का उपयोग सामान लाने ले जाने के लिए किया जाना रहता है। इनमें सामने की सीट पर दो से तीन लोगों के बैठने का नियम है। यात्रियों के लाने ले जाने के मामले सामने आने पर नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

-गौरव साहू,
जिला परिवहन अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# सीएस ऑफिस में आगजनी की जांच करने पहुंची विद्युत विभाग की टीम

## शनिवार की रात रिकॉर्ड रूम में लगी थी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला के जिला अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय के रिकॉर्ड रुम में हुई आगजनी की जांच तेज हो गई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने एफ आई आर दर्ज किया है और विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। बिलासपुर संभाग के विद्युत निरीक्षक बुधवार को जांच में पहुंचे और इलेक्ट्रिकल वायरिंग व कनेक्शन का परीक्षण किया।

जिला अस्पताल से अटैच सिविल सर्जन ऑफिस में शनिवार 11 मई की देर रात आग लग गई थी। आगजनी से ऑफिस के रिकॉर्ड रूम में रखे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। इधर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में हुई आगजनी के मामले में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विधायक व्यास कश्यप ने तात्कालिन सिविल सर्जन डॉ दीपक जायसवाल के कार्यकाल में हुए भ्रस्टाचार के साथ नियम विरुद्ध हुए भर्ती की शिकायत उनके द्वारा कलेक्टर व स्वास्थ्य संचालनालय में की गई थी। शिकायत के बाद अचानक रिकार्ड रूम में आग लगने को संदिग्ध बताते हुए विधायक ने पूरे प्रकरण को संदिग्ध बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में एफ आई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगजनी के मामले की जांच के लिए कोतवाली पुलिस ने बिलासपुर संभाग के विद्युत निरीक्षक को आग जनी के कारण का परीक्षण करने के लिए पत्र लिखा था , जिसके बाद बिलासपुर से विद्युत अधीक्षक राम जीत सिंह बुधवार 14 मई को जिला अस्पताल पहुंचे और आगजनी की घटना वाले रिकार्ड रुम में पहुंच कर इलेक्ट्रिकल वायरिंग और कलेक्शन का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोतवाली थाना से बिजली विभाग की रिपोर्ट मांगी गई है, इसलिए सभी तथ्यों का परीक्षण कर जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी।



जांच करते अफसर।

# दुर्गा मंदिर में चोरों ने बोला धावा, दान पेटी लेकर हुए फरार

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के पुरानी सिंचाई कॉलोनी में स्थित दुर्गा मंदिर में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर में घुसकर दान पेटी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुरानी सिंचाई कॉलोनी में स्थित दुर्गा मंदिर में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने मंदिर में लगे स्टील की रेलिंग को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और लॉकर को निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर समिति के सदस्यों ने सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है, लेकिन इस बार चोरों ने सुरक्षा को धता बताते हुए सीधे दान पेटी तक पहुंच बनाई। फिलहाल दान पेटी में कितनी राशि थी इसका आकलन नहीं हो सका है। पुलिस आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।




# प्राकृतिक पुनः उत्पादन विधि से वन विभाग तैयार करेगा जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

वैसे तो हर साल वर्षा ऋतु आने पर वन विभाग द्वारा जंगल में खाली पड़ी वन भूमि में लाखों की तादाद में पौधों का रोपण किया जाता है लेकिन हम आपको बता दें कि इस साल वन विभाग पौधों का रोपण करने की वजह जंगल की खाली पड़ी जमीनों में प्राकृतिक पुर्नउत्पादन विधि से बीजों को लगाकर पौधे तैयार करेगी इसके लिए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। आने वाले वर्षा ऋतु में वन विभाग प्राकृतिक उत्पादन के माध्यम से बीजों को डालकर पौधे तैयार करेगी।

उल्लेखनीय है कि हर साल बारिश शुरू होते ही जून और जुलाई के महीने में वन विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर वन भूमि के खाली पड़ी जमीनों में पहले से तैयार किए गए पौधों का रोपण किया जाता है और यही पौधे धीरे-धीरे बड़े होकर वृक्ष का रूप धारण करते हैं लेकिन इस बार वन विभाग जंगल की खाली पड़ी जमीनों पर पौधारोपण नहीं करेगा बल्कि प्राकृतिक पुर्नउत्पादन के माध्यम से बीजों को लगाकर पौधे तैयार करेगी। वन विभाग से मिले जानकारी के मुताबिक जिन इलाकों में जिन पेड़ों की बहुत संख्या है उन इलाकों की खाली पड़ी जमीनों में ही वन विभाग ट्रैक्टर या अन्य संसाधनों के माध्यम से जमीनों पर गड्ढा करेगी और जैसे ही बारिश शुरू होगी वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम उन इलाकों में पहुंचेगी और पहले से एकत्रित किए गए पेड़ों के बीजों को उस इलाके में गड्ढों में डाल दिया जाएगा और उनका धीरे-धीरे प्राकृतिक पुर्नउत्पादन के माध्यम से यह पौधे अपने आप जंगल में तैयार हो जाएंगे।

## कोरबा वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में बीज संग्रहण जारी



### इन प्रजातियों को किया जाएगा तैयार

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार कोरबा वनमंडल में प्राकृतिक पुर्नउत्पादन विधि से बीज लगाया जाएगा और जिस इलाके में जिन वृक्षों की बहुलता है उस इलाके में उस बीज का रोपण उस इलाके से उठाकर इस इलाके में रोपण किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से कोरबा वनमंडल में इस बार प्राकृतिक पुर्नउत्पादन के लिए महुआ, अर्जुन, बेल, बेहरा, चार, साल, साजा, बीजा के बीज का संग्रहण किया गया है। जहां जिस इलाके में पेड़ों की बहुलता है इस इलाके में इन बीजों को लगाया जाएगा। साथ ही यह भी बताया जाता है कि प्राकृतिक पुर्नउत्पादन विधि से किए जाने वाले बीजों के रोपण में अन्य विधि से किए जाने वाले पौधों पर रोपण में लागत कम आती है और प्राकृतिक पुर्नउत्पादन में पौधे बहुत तेजी से बड़े होते हैं।

## खबर संक्षेप



### नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत से कांग्रेसियों ने की मुलाकात

**कोरबा।** नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत सोमवार को जिले के दौरे पर रहे। डॉ.महंत का जिले में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रमों के समापन के बाद, स्थानीय कांग्रेस नेता उनके निवास पर पहुंचे। यहां नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने संगठन और क्षेत्र के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर लगभग दो-तीन घंटे तक गहन चर्चा की। बैठक में सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेश सहगल, पूर्व पार्षद धरम निर्मले, पूर्व सभापति संतोष राठौड़, पार्षद रवि चंदेल, सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया और युवा नेता विकास डालमिया सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास सर्वेक्षण की समय सीमा 15 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ाकर 15 मई तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गयी है पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल तक निर्धारित था। सरकार ने यह निर्णय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है। ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ सपन्न किया जा सकें। इस पहल का उदेश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से गरीब/कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### महिला ने दूसरी महिला की कर दी हत्या, गिरफ्तार



**कोरबा।** एक महिला के परिजन अल सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गए हुए थे। इस दौरान महिला घर पर अकेली थी जब परिजन तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि महिला की लाश औंधेमुंह पड़ी हुई थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में पास के ही गांव में रहने वाली महिला को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। महिला ने हत्या क्यों और किस लिए की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैरा भोड़ाद्वारी निवासी पखली बाई 50 वर्ष उसके परिजन मंगलवार की सुबह तेंदूपत तोड़ने के लिए जंगल गए हुए थे। इस दौरान पखली बाई अपनी 7 वर्षीय नातीन दिशा के साथ घर पर अकेली थी। इस दौरान पास के गांव उतरदा निवासी सुमित्रा बाई 45 वर्ष उसके घर पहुंची थी और पखली बाई से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया और सुमित्रा बाई ने पखली बाई की पीट-पीट कर हत्या कर दी। हत्या किस लिए और क्यों की है स्पष्ट नहीं हो पाया है संभावना जताई जा रही है कि दोनों संभवतः शराब के नशे में धुत्त हुए और किसी बात को लेकर विवाद होने पर सुनिता ने पखली की हत्या की है।

## पहले सभी अनुषंगी कंपनियों व एरिया स्तर की कमेटियों की होती थी नियमित बैठक

# कोल इंडिया में कई कमेटियां, फिर भी लंबित हैं कर्मियों से जुड़े कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक समय वह भी था जब कोल इंडिया के अलावा उसके सभी अनुषंगी कंपनियों व एरिया व परियोजना स्तर के सभी कमेटियों में कोल कर्मियों के सभी सुख सुविधा के अलावा खदानों के रखरखाव पर भी चर्चा होती थी। श्रमिक संगठनों के दबाव के बाद प्रबंधकीय स्तर पर इसका असर भी दिखता था। लेकिन अब प्रबंधन अपनी जरूरत के अनुसार मजदूर संगठनों के साथ बैठक व वार्ता करता है।

**खास बात**

- कोल कर्मियों की सुख सुविधा व खदानों के रखरखाव पर होती थी चर्चा

पहले किसी कंपनी में नये सीएमडी या किसी एरिया में नया जीएम पदभार ग्रहण करते थे तो सीसीएल स्तरीय जेसीसी तथा जीएम एरिया स्तर पर एसीसी की मीटिंग बुलाकर श्रमिक संगठनों के नेताओं से परिचय लेते थे, लेकिन अब अधिकारी के पदभार ग्रहण करने के बाद श्रमिक संगठनों के नेताओं में ही उन्हें पुष्पगुच्छ देने की होड़ मच जाती है। अब तो कई एरिया में ऐसे लोग भी एरिया स्तर की सभी कमेटियों में शिरकत करते हैं, जो ठेका पद्धति में लगे हैं। कोल इंडिया स्तर की कई कमेटियों के बावजूद कर्मियों से जुड़े कई आम मुद्दे लंबित पड़े हैं। इसमें मुख्य रूप से मेडिकल अनफिट का मामला है, जो वर्ष 2016 से कोल इंडिया में बंद है। इसके अलावा पेंशन रिवीजन का मामला लंबित है। 11वें वेतन समझौता की पेंशन रिविजन नहीं हो पाई है। कुछ मामले सीएमपीएफ के कारण तो कुछ यूनिट की लापरवाही के कारण लंबित है। सेवानिवृत्त 14 हजार कर्मियों को 1 जनवरी 2017 से लागू 20 लाख रुपडे ग्रेज्युटी राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। वहीं सीपीआरएमएस कोष में फंडा की कमी है। सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास लीज का मामला भी अधर में है। छोटे-छोटे चारपहिया वाहन चालकों के वेज का सवाल तथा ठेका मजदूरों को हाई पावर कमेटी की अनुशंसा के अनुसार वेज व अन्य सुविधाएं दिलाने की लड़ाई अब तक जारी है।



फाइल फोटो

### ये हैं कोल इंडिया स्तर की कमेटियां

कोल इंडिया स्तर पर कोल इंडिया एपेक्स, वेलफेयर, सेप्टी कमेटी के अलावा जेबीसीसीआई मानकीकरण सीपीआरएमएस तथा प्राकृतिक आपदा कमेटिया हैं, कोल इंडिया एपेक्स, वेलफेयर सेफ्टी कमेटी की बैठक साल में दो बार किये जाने का प्रावधान है। कोल इंडिया एपेक्स की बैठक में मुख्य रूप से उत्पादन-उत्पादकता पर चर्चा होती है। इसके अलावा कोल कर्मियों के नीतिगत मुद्दों पर प्रस्ताव रखा जाता है, कोल इंडिया वेलफेयर कमेटी की बैठक में मजदूरों के आवास, पानी, स्वास्थ्य, बिजली सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होती है, जबकि कोल इंडिया इंडिया सेप्टी कमेटी की बैठक में खदानों की सुरक्षा को लेकर चर्चा होती है, जेबीसीसीआई मानकीकरण कमेटी की बैठक में कोयला मजदूरों के वेतन समझौता के सभी मामलों को इम्प्लीमेंट किया जाता है। सीपीआरएमएस की बैठक में सेवानिवृत्त कोलकर्मियों की हेल्थ सुविधा को लेकर चर्चा की जाती है।

### सीसीएल स्तर पर भी हैं कई कमेटियां

सीसीएल स्तर पर भी जेसीएसी, वेलफेयर सेफ्टी कमेटी और एरिया परियोजना स्तर पर एसीसी वेलफेयर सेफ्टी, हाउसिंग कमेटी होती है। कंपनी स्तर पर जेसीएसी, वेलफेयर व सेप्टी कमेटी की बैठक साल में हर तीन माह में होनी है, लेकिन कभी भी इसकी नियमित बैठकें नहीं होती है। वहीं एरिया व परियोजना स्तर पर भी एसीएसी, पीसीसी, वेलफेयर व सेपटी कमेटी की बैठक नहीं होती है। कई एरिया में हाउसिंग कमेटी नहीं है। सेप्टी कमेटी की बैठक दो स्तर पर होती है, एक ट्राईपरटाइट तथा दूसरा बाइपरटाइट ट्राईपस्टाइट में डीजीएमर, प्रबंधन व यूनियन के लोग रहते हैं, जबकि ट्राईपरटाइट में सिर्फ डीजीएमएप्स व प्रबंधन के लोग रहते हैं। सेपटी की की बैठक भी डीजीएमएस की उपलब्धता के अनुसार प्रबंधन करता है। सीसीएल स्तर पर भी कमेटियों की बैठक नियमित नहीं होने से कई समस्या हैं। खासकर मजदूर आवासी की मरम्मत, नालियों व गार्बेज की सफाई, पेयजलापूर्ति व्यवस्था, ठेका मजदूरों की समस्याएं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से खदानों का रखरखाव प्रदूषण आदि विषयों पर ठोस प्लान नहीं बन पाता है।

### क्या कहते हैं श्रमिक नेता

प्रबंधन व मजदूर संगठन मजदूर व माइस समस्याओं को लेकर गंभीर तथा संवेदनशील रहते थे। पहले सभी कमेटियों की नियमित बैठक आयोजित होती थी। पर अब जैसे-जैसे आउटसोर्स का दौर बढ़ रहा है, मजदूर समस्याएं बढ़ रही है।

**-लखनलाल महतो**, एटक

सीसीएल व एरिया स्वर पर रन करने वाली कमेटियों की बैठक नियमित नहीं होने से मजदूर समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है। कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर बैठक नहीं होने से चर्चा नहीं हो पाती।

**-रवींद्र कुमार मिश्रा**, भारतीय मजदूर संघ

### प्रियंक फेम आफ छत्तीसगढ़ सीजन 5 के बने विजेता



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के फैशन और टैलेंट को नया मंच देने वाला कार्यक्रम फेम आफ छत्तीसगढ़ सीजन 5 इस बार और भी भव्य अंदाज़ में एपी प्रोडक्शन द्वारा 36 मॉल, बिलासपुर में 11 मई को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित युवा प्रतिभाओं ने रैंप पर अपने हुनर का जलवा बिखेरा। इस साल के खिताब विजेता प्रियांक लाल, आकांक्षा तिर्की दोनों ने रैंप वॉक, प्रश्नोत्तर और प्रेज़ेन्स राउंड में शानदार प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रियंक ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया और अपनी मेहनत का फल पाया। उनकी इस सफलतापर जिला और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। प्रियंक ने पहले भी कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और सफलता प्राप्त की है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो किशोर झुलसे, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कई दिनों से लगातार मौसम में बदलाव और तेज आंधी बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमक होते रही है। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ और आंधी बारिश शुरू होने पर घर के आंगन में खेल रहे दो किशोर अपने घर के समीप स्थित कदम पेड़ के नीचे रुके हुए थे इसी दौरान तेज आकाशीय बिजली चमकी और सीधे कदम पेड़ के उपर आ गिरी जिसकी जद में आने से दोनों किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरूडीह निवासी मनीष कुमार कश्यप 15 वर्ष पिता सुंदरलाल कश्यप, लोकेश कर्ष 11 वर्ष पिता सुकृत कुमार कर्ष सोमवार की शाम अपने घर के समीप आंगन में कंचे खेल रहे थे। इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज आंधी बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए मनीष और लोकेश दोनों अपने घर के समीप स्थित कदम पेड़ के नीचे जाकर शरण लिए थे। इसी दौरान तेज आकाशीय बिजली चमकी और सीधे कदम पेड़ के ऊपर आ गिरी जिसकी चपेट में आने से दोनों किशोर मनीष कश्यप व लोकेश कर्ष झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही उनके परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। जहां डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मनीष कश्यप व लोकेश कर्ष को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**खास बात**

- उरगा थाना के ग्राम कुरूडीह में देर शाम हुई थी घटना

# एल्युमीनियम उद्योग के अपशिष्ट से ग्रेफाइड बनाएगा बालको

**कोरबा।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा किया कि उसे अपनी ब्रेकथ्रू टेक्नोलॉजी के लिए पेटेंट मिल गया है, जो एल्युमीनियम उद्योग के कचरे से उच्च शुद्धता वाले ग्रेफाइट की रिकवरी को सक्षम बनाता है। यह उपलब्धि इस वर्ष की थीम यंत्र नव प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर की भावना को दर्शाती है, जो औद्योगिक कचरे को एक रणनीतिक राष्ट्रीय संसाधन में बदलने पर केन्द्रित है।

हमारा देश राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मना रहा है, ऐसे में वेदांता एल्युमीनियम का पेटेंट भारतीय उद्योग की गहन तकनीकी नवाचार क्षमता का प्रमाण है, जो कि आत्मनिर्भर भारत, नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन और नेट ज़ीरो लक्ष्यों जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के संग चल रहा है। पेटेंट प्रक्रिया को वेदांता एल्युमीनियम की इन-हाउस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) टीम ने सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी), भुवनेश्वर के सहयोग से विकसित किया है। यह एल्युमीनियम उत्पादन के दौरान उत्पन्न दो अपशिष्ट धाराओं स्पेंट पॉट लाइनिंग (एसपीएल) और शॉट ब्लास्ट डस्ट से बैटरी-ग्रेड ग्रेफाइट को पुनर्प्राप्त यानि रिकवर करता है। यह इनोवेशन न सिर्फ भारत की सर्कुलर अर्थव्यवस्था और स्थिरता प्राथमिकताओं के अनुरूप है, बल्कि यह आयातित ग्रेफाइट पर भारत की निर्भरता को भी काफी हद तक कम करने की क्षमता भी रखता है, जो वर्तमान में 70 प्रतिशत से ज्यादा है।



### आठ दिवसीय योग ध्यान शिविर का हुआ समापन

**कोरबा।** आठ दिवसीय योग ध्यान शिविर का समापन सीनियर क्लब सी.एस.ई.बी. कोरबा पूर्व में किया गया। इस शिविर का संचालन 4 मई से 11 मई तक किया गया। इस योग ध्यान शिविर का समापन 11 मई को प्रातः 8 बजे किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में श्री जयदीप गर्ग जिला एवं सत्र न्यायलय कोरबा के न्यायाधीश उपस्थित हुए तथा गुरुकुल योग एवं एक्यूप्रेशर संस्थान कोरबा के योगाचार्य डॉ. डी.के. आनंद के साथ सैकड़ों की संख्या में योगाभ्यार्थी उपस्थित रहे।

### मिनी ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर दो की मौत, एक घायल

**कोरबा।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक रेत से भरी मिनी ट्रक के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीसरे को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर एकत्रित हो गई थी और चक्काजाम करने का प्रयास हो रहा था लेकिन पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और चक्काजाम का प्रयास कर रहे लोगों को किसी तरह समझाइश देकर मामला को शांत कराया गया।

**न्यायालय तहसीलदार चांपा,**
**जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
क्र. / 476 / तह. / EWS / 2025
चांपा, दिनांक 08/05/2025

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार शुक्ला पिता श्री देवी प्रसाद शुक्ला जाति- ब्राम्हण निवासी ग्राम-चांपा प.ह.नं. 07 तहसील चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ. ग.) के द्वारा अपने पुत्र अनन्य शुक्ला का ई.डब्ल्यू. एस. प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 01 आवेदन पत्र, 02 आय प्रमाण पत्र 03 आधार कार्ड 04 निवास प्रमाण पत्र 05 अंक सूची सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/05/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/05/2025
पेशी दिनांक 20/05/2025
**तहसीलदार**
**चांपा**

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

COBB कंपनी के कपड़े पर — 66% छूट 2 पे 3 फ्री
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) — 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम — 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) — 33% छूट
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
- फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
- कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
- सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
- नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुंह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि।
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style

# सामंथा
## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।



## हॉलीवुड मसाला




# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।




# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती


**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



### बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*__नई दिल्ली।__ पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले




और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

### रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



### हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*__पेरिस।__ मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

### आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।



### शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।

***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया*** : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।



***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म*** : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।



***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक*** : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

### नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।



### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।



## खबर संक्षेप

### बुद्ध पुर्णिमा पर बसपा ने मनाई गौतमबुद्ध जयंती



**नवागढ़।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गौतमबुद्ध के जयंती पर बुद्ध पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक एवं बहुजन समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष दाऊराम रत्नाकर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुये गौतमबुद्ध की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये समाज को उनके पदचिन्हों पर चलने एवं समाज सुधारने के लिये प्रेरीत करने की बात कही। इस अवसर पर बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उदल किरण, ईश्वरी साहू, केशव कोसले एवं बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीबीएसई कक्षा दसवीं में आराध्य ने प्राप्त किए 92 प्रतिशत

**पामगढ़।** सीबीएसई कक्षा 10 वी में आराध्य पाण्डेय ने 92 प्रतिशत प्राप्त कर घर परिवार का नाम रोशन किया है। ये नगर के प्रतिष्ठित नागरिक विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल के संचालक नरेन्द्र पाण्डेय के छोटे भाई गौरव पांडेय आबकारी उपनिरीक्षक बैतूल के सुपुत्र है। आराध्य की इस उपलब्धि पर ए प्लस कोचिंग सेंटर पामगढ के संचालक मेहुल पाण्डेय का विशेष योगदान हैं। आराध्य पाण्डेय की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।



### अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**जांजगीर-चांपा।** देश की जांबाज बेटी, भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश शासन के मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय शाह द्वारा की गयी शर्मनाक व अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंत्री विजय शाह का पुतला दहन कर मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार एवं जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया,जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर,देव कुमार पांडे, अजीत सिंह राणा, कमलेश सिंह बाबा, परमेश्वर निर्मले, शत्रुघ्न दास महंत, संतोष गढ़वाल बबई, आकाश तिवारी, हेमलता राठौर, मुस्कान परवीन ,वर्षा सिंह, चंपा प्रधान, प्रमोद सिंह, पार्षद अक्षय टेकाम, अरमान खान, हीरा उपाध्याय, बबला तिवारी,प्रीतम कश्यप, अनिल राठौर, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, रामविलास राठौर, चेतन देवांगन, हर्ष शुक्ला, विजय गढवाल, शांतिलाल साहू , जितेंद्र दिनकर, दिनेश मिरी, अमन तिवारी, दीपेंद्र कहरा, अभिषेक सिंह, करण कुमार, विकास पांडे, कमलेश ताम्रकार, नितेश भोलू यादव, आकाश सिंह, रवि शंकर सूर्यवंशी, अनुराग राठौर, हिमांशु राठौर, प्रिंस राठौर, रविकांत कश्यप सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

### 10वी बोर्ड परीक्षा में यामिनी ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत अंक

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरवानी बम्हनीडीह की छात्रा यामिनी कुमारी साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुरू से ही मेघावी छात्रा रही यामिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता गजाधर साहू एवं श्रीमती लक्ष्मीन साहू सहित गुरूजनों को दिया है। छात्रा का कहना है कि कठिन परिश्रम एवं लगन से पढाई करने के दौरान सफलता निश्चित रूप से मिलती है।



## निधन

### फिरतराम दिवाकर

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी के प्रतिष्ठीत नागरिक फिरतराम दिवाकर सेवानिवृत ब्याख्याता का आकस्मिक निधन मंगलवार 6 मई को हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र जितेंद्रकुमार, विनय कुमार, चंद्रमणि दिवाकर सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, ग्रामीण गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने एवं समय पर कार्यालय में उपस्थित होने दिए निर्देश

# जल जीवन मिशन व पीएम आवास के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बुधवार 14 मई को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त मांग एवं शिकायतों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने एवं समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हर घर जल योजना के कार्यों की समीक्षा की और प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश। उन्होंने सीईओ, सीएमओ को निर्देशित कर कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने अवैध खनन, अवैध शराब पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने महतारी वंदन योजना सहित सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडबल्यूडी विभाग अंतर्गत सड़क निर्माण से संबंधित विषयों की पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशानुसार अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ई-डिस्ट्रीक्ट (लोक सेवा गांरटी) अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग एवं जिला अग्निशमन अधिकारी को जिले में संचालित बड़े उद्योगों में डिजास्टर मैनेजमेंट प्लांट तैयार करने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकल सेल प्रभावितों का सर्वे कर चिन्हांकन की प्रगति, आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं वय वंदन योजना अंतर्गत प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी, डिस्ट्रिक्ट प्लान, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, राजस्व प्रकरणों, समाधान शिविर सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराते विधायक एवं अन्य।

नगर में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या नगरवासी परेशान है। स्थिति यह है कि दिन में 15 से 20 बार बिजली गुल होना सामान्य बात हो गई है।

- 15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो होगा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

बीते कुछ वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन हाल के दिनों में इसकी गंभीरता और भी बढ़ गई है।

इसी समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ए के भारद्वाज, एई श्री नेताम एवं कनिष्ठ अभियंता महेश जायसवाल से भेंट कर नगरवासियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने बार-बार बिजली बंद होने के कारणों की जानकारी ली और शीघ्र समाधान की मांग की। नगर के जनप्रतिनिधियों ने भी इस विषय पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पूरे चांपा नगर में लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती के कारण आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इससे ना केवल घरेलू जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि व्यापार और उद्योग भी प्रभावित हो रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर तीखा रुख अपनाया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता की भारी कमी है और घटिया सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है, जिसका परिणाम चांपा के नागरिक भुगत रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कार्यपालन अभियंता को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता बिजली दफ्तर के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। नगर में एक नया सब-स्टेशन स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भी माना है कि जब तक शहर में नया सब-स्टेशन नहीं बनता, समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। अब यह देखना शेष है कि विद्युत विभाग और प्रशासन इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है, या फिर चांपा के नागरिकों को आंदोलन के रास्ते पर उतरने के लिए विवश होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में शहर अध्यक्ष सुनील साधवानी, पूर्व नपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जय थवाईत, जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडे, पार्षद ललित देवांगन, दुर्गा कुर्रे ,पवन साहू, जिब्बू आर्य ,सुनील सोनी,प्रकाश अग्रवाल, बुटू देवांगन, गुलशन सोनी,क्रांति केंवट, डुग्गु प्रधान,रंजन कैवर्त, राज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, ओम सोनी, भागीरथी दुबे, राकेश जोशी सहित कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# सीबीएसई परीक्षा में अघोर विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा का 10वीं एवं 12वीं कासीबीएसई के बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं से जयप्रकाश साहू 83.2 प्रतिशत, उन्नति सिंह 82 प्रतिशत, सौरभ सोनी 81.2 प्रतिशत, शिवांशु कुमार 80.6 प्रतिशत, एंजल मिर्जा 79.2 प्रतिशत, कुशाग्र बंजारे 79.4 प्रतिशत, स्नेहा सिंह78.6 प्रतिशत, प्रखर सिंह 78.8 प्रतिशत, श्रद्धा सिंह 75 प्रतिशत, काजल कश्यप 73.6 प्रतिशत, ओमकार नायक 73.2 प्रतिशत,कुमारी सोनिया पटेल 72.6 प्रतिशत अंक लाकर शाला एवं अपने परिवारजनों को गौरवान्वित किया एवं कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी उमा कश्यप जिन्होंने जीव विज्ञान संकाय में 81.6 प्रतिशत एवं कुमारी रोशनी देवांगन कॉमर्स संकाय में 81% प्राप्त कर शाला एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया। संस्था के संस्थापक कापालिक राम बाबा, शाला संचालन समिति के अध्यक्ष गोपाल राम एवं प्राचार्या श्रीमती अंजली दुबे ने बच्चों को उनके बेहतर परिणाम हेतु बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# समाधान शिविर में 31 सौ से अधिक आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती




शिविर में मंचस्थ अतिथिगण।

ग्राम पचायत मसनियाकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुशासन तिहार 2025 समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर के

- समाधान शिविर में हितग्राहियों को योजनाओं से किया गया लाभान्वित

मसनियाकला में सक्ती जनपद पंचायत के ग्राम जोंगरा, आमापाली, बैलाचुवा, मसनियाकला, रगजा, गढगोढी, अमलडीहा, कांदानारा, मरकामगोढी, नंदेली, परसदाखुर्द, बोईरडीह, केरीबंधा से कुल 3146 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे सभी आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया।

सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा हमारी सरकार में जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न योजनाएं चल रही है ये सभी योजनाओं को हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की कोशिश सुशासन तिहार के माध्यम से किया जा रहा। जिससे आमजनों के क्षेत्र या गांव में ही समस्याओं का समाधान हो सके। सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि अभी कुछ दिनों बाद मानसून लगने वाला है जिससे किसानों को बीज एवं खाद के लिए परेशानी होना न पड़ें और व्यवस्थित ढंग से सही समय पर खाद उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य विभाग का लापरवाही की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में जो भी समस्या है उसका तत्काल निराकरण करे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि यहां उपस्थित जितने भी आमजन है जिंनकी जो समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जितने भी विभागीय स्टॉल है सभी अधिकारी अपनी योजनाओं के बारे में बताएं और नई नई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराएं। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर,जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू रॉय, सत्य प्रकाश महंत, राजू राठौर, टंकेश्वर पटेल, टिकेश्वर पटेल सहित जनप्रतिनिधि, विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण, समूह की महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

### 60 पाव देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम तरौद मैं अवैध शराब विक्रय करने वाले आरोपी जय नंदन सिहानी को 60 पाव देशी शराब के साथ अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि मुखबिर के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया कि ग्राम तरौद में जयनंदन सिहानी के द्वारा अवैध देसी शराब का विक्रय किया जा रहा है। मूखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अकलतरा पुलिस के द्वारा दबिश देकर ग्राम तरौद में जयनदंन सिहानी के कब्जे में 60 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 7200/ रूपये एवं शराब बिक्री रकम 2400/ रूपये को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध विधिवत धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, सउनि अशोक कश्यप, प्रआर राकेश चतुर्थी, आरक्षक शेषनारायण साहू, अजय भानू, म.आर. अंजना लकडा का योगदान रहा।



# एडमिशन के लिए आत्मानंद स्कूल में निकाली गई लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में कक्षा पहली से आठवीं तक की उपलब्ध सीटों के लिए लॉटरी की प्रक्रिया एसडीएम विक्रांत अंचल के मुख्य आतिथ्य एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष नानक रोहरा, बीईओ श्रीमती रत्नमाला सिंह ,एबीईओ स्वाति सिंह राठौर ,बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस, वार्ड पार्षद अभिषेक बंजारे , पालकों, नागरिको एवं शाला के समस्त स्टाफ के बीच पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। कक्षा पहली में 50 सीटों पर लॉटरी निकाली गई जिसमें 25% सीट बीपीएल कोटा के लिए आरक्षित थे एवं कुल सीटों का 50% सीट छात्राओं के लिए आरक्षित था। कक्षा दूसरी चौथी पांचवी छठवीं सातवीं में क्रमशः एक, दो ,दो ,एक ,दो ,एक सीट उपलब्ध थे।

- दस्तावेज सत्यापन नहीं कराने वाले अभ्यर्थी को अपात्र मानकर वेटिंग लिस्ट को दिया जाएगा मौका

गौरतलब है कि एडमिशन के लिए 5 मई तक आवेदन स्वीकार किए गए एवं छटनी के पश्चात पात्र-अपात्र की सूची शाला के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई थी । दावा आपत्ती में प्राप्त आवेदनों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया । चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए 17 मई तक का समय दिया गया है। बीपीएल कोटा से चयनित अभ्यर्थियों को सर्वे सूची क्रमांक की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। दिए गए समय में दस्तावेज सत्यापन नहीं कराने वाले अभ्यर्थी को अपात्र मानकर उनकी जगह वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। लॉटरी की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया।




लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराते एसडीएम व न्य अतिथि।

# संगीत जीवन के हर क्षण में है व्याप्त : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा




कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

संस्कार भारती जिला इकाई सक्ती द्वारा आयोजित प्रान्त स्तरीय संगीत कार्यशाला 10 मई से 14 मई आयोजित की गई है। द्वितीय दिवस का उद्घाटन सत्र 11 मई को मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में टी.आर.भारद्वाज (डिप्टी कलेक्टर),ठाकुर सतीश सिंह रहे।

- संस्कार भारती का प्रांत स्तरीय कार्यशाला आयोजित

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा व भारत माता के तैल चित्र पर पूजार्चना कर किया गया। मंत्रोच्चार प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्कार भारती के ध्येय गीत का गायन किया गया। अतिथियों व प्रशिक्षक किशन देवांगन व दीपक दास महंत का सम्मान मंगल तिलक व अंगवस्त्र से किया गया। अतिथि उद्बोधन में श्री भारद्वाज ने कहा संगीत जीवन के हर क्षण में व्याप्त है। उसे बस महसूस किया जा सकता है। ठाकुर साहब ने कहा कि संगीत अनुभव का विषय है,जितनी साधना कठिन होती है प्रस्तुतिकरण उतना ही सरल हो जाता है। आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष खीकराम कश्यप द्वारा किया गया। उक्ताशय की जानकारी कार्यशाला संयोजक मनोज तिवारी (महामंत्री) द्वारा दी गयी।

बैसाख पूर्णिमा पर शबरी मन्दिर में भजन-कीर्तन का आयोजन

# भगवान का नाम कीर्तन करने से पाप हो जाते हैं नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद



भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी छत्तीसगढ़ काशी खरौद के केन्द्रीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा संरक्षित छठवीं शताब्दी के प्राचीन शबरी मन्दिर में नगर के महिला कीर्तन मण्डली द्वारा बैशाख पुर्णिमा 12 मई को पूर्णमासी भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि खरौद के इस शबरीमन्दिर मे प्रत्येक पूर्णिमा को जन मानस में धार्मिक एवं आध्यात्मिक भावना के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर महामाया आध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य हेमलाल यादव ने सम्बोधित करते हुए भगवान के नामों के कीर्तन करने के महत्व को दृष्टांत के द्वारा बताया कि - जानकर या बिना जाने जैसे भी भगवान का नाम कीर्तन करने से पाप नष्ट हो जाता है।कलियुग में ऐसा कोई भी कायिक, वाचिक अथवा मानसिक पाप नहीं है, जो भगवान के नाम लेने से नष्ट न हो। चारों युगों में चारों वेदों में नाम का प्रभाव है, विशेषकर कलियुग में तो दूसरा उपाय है ही नहीं। सत्ययुग में ध्यान से,त्रेता में यज्ञ करने से, द्वापर में भगवान की पूजा से जो कुछ फल प्राप्त होता है। वह सब कलयुग में केवल भगवान के नाम कीर्तन मात्र से ही प्राप्त हो जाता है। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्व. जगदीश प्रसाद यादव की धर्म पत्नी ने भी आर्थिक सहयोग प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्रप्रभा यादव, गौरी यादव, दुरपति, श्यामा, जमुना,चमेली, मदालसा, सुखबाई, मन्टोरा, पद्मा फगनी, ललिता थवाईत,उत्तरा नोनिया, कांतिबाई, सविता रात्रे,सुमित्रा आदित्य, गंगाबाई,सुखबाई, छठबाई, मंगली, वृंदा, श्यामबाई, रजनी, कांतिकुमार, दाऊलाल भेड़पाल रामकुमार यादव ने सहयोग किया। नगरपंचायत खरौद के पार्षद नीलम यादव ने भी कार्यक्रम में सहयोग दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को प्रसाद जीवनबाई स्वर्णकार द्वारा दिया गया। अंत में कार्यक्रम के संचालक धनसाय यादव ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को इसी प्रकार सहयोग करते रहने की अपील किया।

